ST. FRANCIS DE SALES COLLEGE
A FRANSALIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION AUTONOMOUS
NAAC A GRADE • AFFILIATED TO BANGALORE UNIVERSITY • AICTE APPROVED • 2(F) & 12 (B) RECOGNITION OF UGC • ISO 9001:2015 CERTIFIED
Electronics City P.O., Bengaluru - 560 100, Karnataka, INDIA (+91) 8088140679 pro@sfscollege.in www.sfscollege.in

# END SEMESTER EXAMINATION – MAY 2025
# HINDI - II SEMESTER BBA/AVIATION
# 24BBA21H: KAVYANUBHUTI, PATRA LEKHAN AUR SANKSHEPAN

**Time: 3 Hours** **Max. Marks: 80**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए:** **10X1=10**

1. तुलसीदास को सम्मान किसके कारण मिला?
2. भगवान ने नरसिंह रूप धारण करके क्या किया?
3. मूर्ख व्यक्ति के लिए अच्छे वचन कैसे लगते हैं?
4. चींटी को किसका प्रतीक माना गया है?
5. कवि मुक्तिबोध ने किस ज्वाला की बात की है?
6. कवि के अनुसार अंधकार का अर्थ क्या है?
7. मनुष्य अपनी रक्षा के लिए क्या करता है?
8. हरियाली का स्वप्न क्या दर्शाता है?
9. आत्मा का सूरज डूबने का क्या अर्थ है?
10. सबसे खतरनाक कविता का मुख्य उद्देश्य क्या है?

**II. किन्हीं दो का संदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए:** **2X7=14**

1. तुलसी काया खेत है, मनसा भयों किसान I
पाप पुण्य दोउ बीज ऊद हैं, बुवै से लुनै निदान II

2. तू स्वतंत्र बाली की गति कुती
तब तू रण का ही प्रसाद है
तेरा स्वर बस शंकणाद है
दीवारों के उसे पर
या की इस पर दे रही गूंजे I

3. तिमिर के राज का ऐसा
कठिन आतंक छाया है
उठा जो शीश सकते थे
उन्होंने सिर झुकाया है I

**III. किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **2X15=30**

1. पूंजीवादी समाज के प्रति कविता में शोषण का चित्रण हुआ है, स्पष्ट कीजिए।
2. कवि ने जुगनू को प्रकाश का प्रतीक माना है, जुगनू कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए|
3. सबसे खतरनाक कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**IV. किसी एक पर टिप्पणी लिखिए:** **1X6=6**

1. वृंद के दोहे में विविधता।
2. कैदियों की दुर्दशा।

**V. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखिए;** **1X10=10**

1. गीता प्रकाशन धरवाड़ की ओर से जली हुई दुकान की क्षतिपूर्ति संबंधी, व्यवस्थापक जनरल इंश्योरेंस सोसाइटी के नाम एक बीमा पत्र लिखिए।
2. पूनम टेक्सटाइल्स सोलापुर द्वारा, खराब माल भेजने की शिकायत करते हुए गीतांजलि मिल्स लिमिटेड अहमदाबाद के नाम एक पत्र लिखिए।

**VI. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण लिखिए:** **1X10=10**

बेरोजगारी की समस्या नई नहीं है। किंतु हाल के वर्षों में कुछ सामाजिक आर्थिक परिवर्तनों के कारण इसका स्तर एवं इसकी गंभीरता बहुत बढ़ गई है प्रथमता हमारी अर्थव्यवस्था एक ओर बढ़ती हुई आबादी और दूसरी ओर मशीनों से शक्ति चालित मशीनों में परिवर्तित होने के बढ़ते हुए प्रभाव के कारण अव्यवस्थित हो गई है। द्वितीयता देश के मध्यवर्गीय अर्थव्यवस्था भूमि का सहारा देने तथा संयुक्त परिवार के टूटने के कारण और अव्यवस्थित हो गई है। प्रायः प्रत्येक परिवार मे एक घर था और भूमि से कुछ ना कुछ आय थी संयुक्त परिवार की प्रथा के साथ यह बीमारी और बेकारी के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता था। हम सब का यह सामान्य अनुभव है कि आर्थिक परिस्थितियों के दबाव के कारण संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहा है और पारिवारिक भूमियां शीघ्रतापूर्वक गायब हो रही है। आर्थिक विधान ने उस क्रिया को अधिक तेज बना दिया है।

ST. FRANCIS DE SALES COLLEGE · EXCELLENCE · EFFICIENCY · TRANSFORMATION · ELECTRONICS CITY, BENGALURU